तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 जून 2025

कुरुद | सिहावा | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

भाजपाइयों ने गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां 02



खरीफ फसल की तैयारी में जुटे किसान इधर सोसाइटियों में ... 04



## खबर संक्षेप

### पीजी कॉलेज में एलुमनी मीट 21 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 21 जून को दोपहर 12 बजे से एलुमनी मीट का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय प्रशासन एवं एलुमनी एसोसिएशन व्दारा भूतपूर्व विद्यार्थी सम्मेलन के इस कार्यक्रम में विधायकों, डाक्टर्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट एवं आयकर, विक्रयकर, सलाहकारों को आमंत्रित किया गया है।

### कन्हैया इंटक के जिलाध्यक्ष बने

**धमतरी।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के प्रदेश अध्यक्ष ने धमतरी निवासी कन्हैया सोनी को इंटक का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी



नियुक्ति पर पवन लिखी, शैलेन्द्र दीवान, अनुराग मसीह, श्रवण साहू, अनिल यादव, चंदन सोनी, रवि सोनी, घनश्याम पटेल, धर्मेन्द्र पटेल, गणेश सोनी, अनिल सोनी, पप्पू पटेल, पप्पू यादव, रितेश, रिंकू पटेल, छबिलाल सोनी, नयन सोनी, बिष्णु सोनी, उमेश, महेन्द्र ध्रुव, अनिल सोनी, अजय सोनी, विजय सोनी, वासु सोनी ने हर्ष व्यक्त किया है।

### वेंकटेश्वर ने पावर लिफ्टिंग में जीता गोल्ड मेडल



**नगरी।** नगरी विकासखंड के ग्राम घठुला के वेंकटेश्वर साहू ने रायपुर में 14 से 15 जून तक आयोजित पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 545 किलो वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने स्ट्रांग मेन आफ छत्तीसगढ़ का खिताब अपने नाम किया। वहीं रायपुर में गोल्ड मेडलेस प्रतियोगिता 12 से 15 जून तक हुई जिसमें 522.5 किलो वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वे रामूलाल साहू-नर्मदा साहू के पुत्र हैं। इस उपलब्धि पर अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

### आईटीआई भटगांव में ऑनलाइन आवेदन 25 तक

**धमतरी।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था धमतरी (भटगांव) में प्रशिक्षण सत्र 2025-26 और 2025-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन 25 जून तक आमंत्रित किए गए हैं। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि आईटीआई भटगांव में फिटर, विद्युतकार, कोपा और वेल्डर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए कम से कम दसवीं पास विद्यार्थी रोजगार एवं प्रशिक्षण संचालनालय की वेबसाईट सीजीआईटीआई डाट एडमिशनस डाट नीक डाट इन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 2025 में रजिस्ट्रेशन कर प्रवेश ले सकते हैं।

### कोलियारी खदान से निकल रही थी रेत, प्रशासन की कार्रवाई से मचा हड़कम्प

# अवैध रेत खदान पर उतरी पुलिस फोर्स, ड्राइवर-लेबर भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लगातार समझाइश के बाद भी अवैध रेत खदान बंद नहीं हो रही है। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने कोलियारी रेत खदान में पूरी पुलिस फोर्स उतार दी। इस कार्रवाई से ड्राइवर और मजदूरों में हड़कंप मच गया। ट्राली छोड़कर वे इधर उधर भागने लगे। पुलिस ने चारों ओर से खदान को घेर रखा था।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियम के तहत 10 जून से नदियों से सीधे रेत उत्खनन पर पाबंदी लगा दी गई है। इसके साथ ही सभी रेत घाट पर प्रतिबंध लग गया है। इसके बावजूद रेत खदानों से लगातार रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। केवल अवैध खदान ही नहीं वैध खदानों से भी अवैध तरीके से रेत की निकासी जारी है। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने रेत खदानों पर कड़ाई शुरू कर दी है। बुधवार को कोलियारी रेत खदान में दबिश दी, करीब 11 बजे यहां पर दर्जनभर से ज्यादा ट्रैक्टर लोड किए जा रहे थे। प्रशासन पूरी तैयारी के साथ पहुंचा था। बस से पुलिस जवान पहुंचे थे। पहले तो उन्होंने खदान को चारों ओर से घेर लिया। इसके बाद मुख्य रास्ते से पुलिस के जवान खदान पहुंचे। पुलिस को देखकर ट्रैक्टर लोड कर रहे ड्राइवर और मजदूर घबरा गए। वे ट्राली छोड़कर ट्रैक्टर की मुंडी लेकर नदी के बीचोबीच से भागने लगे। हर रास्ते पर पुलिस के जवान तैनात देखकर ट्रैक्टर ड्राइवरों का दिमाग काम करना बंद कर दिया और वे बीच नदी में पुलिस जवानों से काफी दूर बैठ गए। कुछ देर बाद ड्राइवर रास्ता बनाकर नदी से भाग निकले। कुछ गाड़ियां ही पुलिस की गिरफ्त में आई, जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई।





### यूनियन ने किया विरोध

वाहनों पर कार्रवाई देखकर ट्रैक्टर यूनियन संघ के सदस्य बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। तहसीलदार और अन्य अधिकारियों के सामने कार्रवाई का विरोध किया। संघ के अध्यक्ष पिंटू अग्रवाल ने कहा कि ट्रैक्टरों से हजारों मजदूरों और ड्राइवरों की रोजी रोटी चलती है। ये मजदूर और ड्राइवर रोज कमाने और खाने वाले हैं। बारिश के चार माह खदान बंद रहने पर वे कहां जाएंगे। उन्होंने कहा कि एनजीटी के नियम के अनुसार अब सब खदान अवैध हो गई है।

### वाहनों पर कार्रवाई

सबसे बड़ी समस्या यह है कि जिला प्रशासन द्वारा ट्रांसपोर्टर्स पर कार्रवाई की जाती है। खदान वैध हो अवैध, ट्रांसपोर्टर्स शुल्क देकर रेत लोड करते हैं। ट्रैक्टरों में तो लोड मजदूर करते हैं। इसके बाद भी ट्रांसपोर्ट शुल्क देते हैं।

# अवैध रेत खनन पर शिकंजा, आठ हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

अवैध रेत खनन के खिलाफ 17 जून की देर शाम कुरूद क्षेत्र में एक संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरूद के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न संभावित रेत खनन स्थलों पर दबिश दी। टीम ने अलग-अलग स्थानों पर रेत खनन की संदिग्ध गतिविधियों का निरीक्षण किया और मौके पर कार्रवाई की।



कार्रवाई के दौरान अवैध रेत परिवहन में लिप्त 8 हाइवा वाहनों को जब्त किया गया, जिनमें बिना वैध अनुमति के रेत का परिवहन किया जा रहा था। सभी वाहनों के विरुद्ध वैधानिक प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की गई। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह अभियान अवैध खनन पर नकेल कसने की रणनीतिक पहल है। लगातार मिल रही शिकायतों एवं खुफिया सूचनाओं के आधार पर यह दबिश दी गई थी। कुरुद तहसील के ग्राम परखंदा, नारी, चारभाठा एवं मगरलोड तहसील में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 8 हाइवा अवैध रेत परिवहन करते पाए गए। सभी वाहनों को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई हेतु कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा को प्रेषित किया गया।

# आरोपी हुआ थाने से फरार, एसपी ने किया एसआई को सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- लीलर रेत खदान में हुई थी चाकूबाजी की घटना

लीलर रेत खदान में हुई चाकूबाजी की घटना हुई। इस घटना के संदेही आरोपी के थाने से फरार हो जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक को सस्पेंड कर दिया है।

पुलिस के अनुसार सोमवार की देर रात्रि अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम लीलर रेत खदान में जेसीबी आपरेटर ललित ध्रुव पिता चेतन उम्र 23 वर्ष ग्राम जंवरगांव थाना अर्जुनी निवासी पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया गया था। इस मामले में एक संदेही रेत कारोबारी अंकुर अग्रवाल को पुलिस ने सोमवार की देर रात्रि



पूछताछ के लिए अर्जुनी थाना में बिठाकर रखा था। साथ में उसके साथी भी थे। इस मामले में पुलिस ने जानकारी जुटाकर संदेही अंकुर अग्रवाल को नामजद आरोपी के तौर पर शामिल किया। नामजद आरोपी अंकुर अग्रवाल मंगलवार की सुबह 5 बजे के लगभग अर्जुनी थाना से फरार हो गया। आरोपी के थाने से भाग जाने की घटना को एसपी सूरजसिंह परिहार ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए। एएसपी ने तत्काल जांच शुरु कर दी। एएसपी द्वारा की गई जांच में अर्जुनी थाना में रात्रि ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक सरिता मानिकपुरी की कार्यप्रणाली में घोर लापरवाही एवं कर्तव्यहीनता पाई गई। प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने एसआई सरिता मानिकपुरी को 24 घंटे के भीतर तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए रक्षित केंद्र में अटैच कर दिया।

उल्लेखनीय है कि रेत खदान में हुई चाकूबाजी की घटना के मुख्य आरोपी कुलदीप के साथ अन्य तीन आरोपी समेत कुल 4 आरोपी की गिरफ्तारी की जा चुकी है। वहीं घटना में प्रयुक्त चाकू को भी बरामद किर लिया गया है। पीड़ित का इलाज कराया गया, जो वर्तमान में रिकवर होकर स्वस्थ हो गया है। इस मामले में फरार आरोपी अंकुर अग्रवाल को गिरफ्तार करने पुलिस हरसंभव प्रयास कर रही है।

# लोन की किस्त लेने गए ब्रांच मैनेजर पर रॉड व ईंट से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- बठेना वार्ड की घटना

लोन की किस्त का पैसा लेने गए ब्रांच मैनेजर पर महिला सहित उसके परिवारजनों ने ईंट व राड से हमलाकर घायल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार घनश्याम देवांगन पिता बलीराम उम्र 31 वर्ष ग्राम बोरिद थाना रानीतराई निवासी धमतरी में स्थित स्वस्ति माइक्रो फाइनेंस में ब्रांच मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं। वह जोधापुर धमतरी में किराये के मकान में रहता है। मंगलवार की दोपहर ब्रांच मैनेजर एबीएम संजु कुमार के साथ जेल रोड बठेना वार्ड निवासी गंगा ध्रुव के घर लोन की किस्त का पैसा लेने गए थे। उस दौरान उनके घर में कोई नहीं था जिसके कारण दोनों वापस लौट आए। शाम 7.30 बजे दोनों दोबारा गंगा ध्रुव के घर पहुंचे। उन्हें देख महिला घर के अंदर छिप गई। घर के सामने खड़े होकर आवाज देने पर गंगा की सास बाहर निकली। गंगा के बारे में पूछने पर उसने कुछ





नहीं बताया। तभी उसका देवर व बेटा-बेटी बाहर निकल बहस करने लगे। ब्रांच मैनेजर उक्त महिला को घर में जाकर देखने की बात कहते हुए अपनी गाड़ी की तरफ जा रहा था। इतने में गंगा आई और ब्रांच मैनेजर को अश्लील गालियां देने लगी। मना करने पर गंगा के बेटे व उसके देवर ने जान से मारने की धमकी देते हुए ब्रांच मैनेजर का गला पकड़ लिया तभी उसके लड़के ने ईंट व रॉड से मारपीट करने लगा। इस हमले में ब्रांच मैनेजर के सिर में चोट आई है। घटना के बाद घायल ब्रांच मैनेजर सिटी ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी गंगा ध्रुव व उसके बेटे व देवर के खिलाफ धारा 115/2, 296, 3/5, 351/2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- पति ने समूह पर लगाया प्रताड़ना का आरोप, लिमतरा की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बिहान स्व सहायता समूह से जुड़ी महिला ने धमकी से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतिका के पति ने समूह वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

अस्पताल पुलिस चौकी के ग्राम लिमतरा थाना अर्जुनी निवासी मुकेश अग्रवाल पिता सुदामाराम उम्र 30 वर्ष ने अपने बयान में बताया कि वह विश्व भारतीय ऑटोमोबाइल कुरूद में सेल्समेन का काम करता है। मृतिका कुसुमलता अग्रवाल उम्र 29 वर्ष उसकी पत्नी है। उसके दो बच्चे हैं। कुसुमलता बिहान महिला समूह जनपद पंचायत धमतरी में कार्य करती थी। उसकी पत्नी ने ग्राम लिमतरा की गौरा गौरी महिला समूह से चार लाख रूपये का कर्ज लिया था। उधार लेने के दिन ही कुसुमलता ने दो लाख रूपये को अपने खाते में जमा करा दिया। शेष दो लाख रूपये को उसे दे दिया। डेढ़ लाख रूपये को एक महीने बाद बैंक में जमा करा दिया। उस समय महिला समूह की अध्यक्ष देवंतीन साहू थी। उसके बाद 50 हजार रूपया बाकी होना बताया गया। पति मुकेश ने बताया कि समूह के बाकी लोगों ने उसकी पत्नी कुसुमलता को फर्जी ढंग से पैसा उठाये हो कहकर जेल भेजने व बाल पकड़कर मारने की बात कही। तब से कुसुमलता समय पर न तो खाना खाती थी और न ही समय पर सोकर उठती थी। मंगलवार की रात्रि खाना



खाकर पत्नी व बच्चों के साथ कमरे में सो गया। बुधवार की सुबह सोकर उठा तो कुसुमलता कमरे में नहीं थी। पत्नी की तलाश करते पूजा रूम में गया। वहां उसकी पत्नी धोती को पंखा में बांध फांसी पर लटकी हुई थी। जीवित होने की आशंका के तहत कुसुमलता को फंदे से उतार उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया। जहां डाक्टर ने सुबह 7 बजे कुसमलता को मृत घोषित कर दिया। मृतिका के पति का बयान दर्ज करने व पंचनामा की कार्रवाई के बाद चौकी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### डॉ. रोशन उपाध्याय 24 को रथयात्रा महोत्सव पर देंगे व्याख्यान

- अग्रसेन भवन में रात्रि 8 बजे होगा आयोजन

**धमतरी।** महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा इस वर्ष 27 जून को निकलेगी। इससे पूर्व 24



जून को अग्रसेन भवन में रात्रि 8 बजे जगन्नाथ रथयात्रा की महिमा पर डॉ. रोशन उपाध्याय (प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक धमतरी) व्याख्यान देंगे। आयोजनकर्ता ने अंचल के धर्मप्रेमियों से व्याख्यान कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# ग्यारह करोड़ से 20 हजार क्विंटल की चना खरीदी

- चना खरीदी का हुआ पैकअप, आठ समितियों में समर्थन मूल्य पर खरीदा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

चना खरीदी का पैकअप हो चुका है। अंत तक शासन ने 2197 किसानों से 20 हजार 646 क्विंटल चने की खरीदी की, जिसके एवज में किसानों को 11 करोड़ 66 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। आगामी वर्ष में किसानों ने चना के साथ सरसों, तिवड़ा जैसी फसलों को भी समर्थन मूल्य पर खरीदी करने की मांग की है।

जिले में पहली बार चना खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई। पहला साल होने के बाद भी चना खरीदी को अच्छा रिस्पांस मिला। शुरूआती दौर में किसानों को भुगतान नहीं मिल रहा था, जिसके चलते किसानों ने समर्थन मूल्य पर चना बेचना बंद कर दिया था। इसके बाद एक साथ किसानों को चना का भुगतान किया गया। एक बार फिर चना खरीदी फ्लो में आ गई थी। अब तक चना खरीदी समाप्त हो चुकी है। अंत तक 2197 किसानों से 20 हजार 646 क्विंटल चना खरीदी की गई। किसानों को 11



करोड़ 66 लाख का भुगतान किया गया। उल्लेखनीय है कि पहला साल होने के कारण सिर्फ आठ समितियों के माध्यम से ही चने की खरीदी की गई। किसानों ने बताया कि पहला साल होने के कारण चना खरीदी की मात्रा थोड़ी कम है। आगामी वर्ष में चना खरीदी की मात्रा इससे कई गुना ज्यादा होगी। किसानों ने चना के साथ सरसों, मसूर, तिवड़ा आदि को भी समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग की है। उधर सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने सभी आठ समिति के संचालक, प्रबंधक और स्टाफ को सफलतापूर्वक चना खरीदी करने पर शुभकामनाएं दी । उन्होंने बताया कि आगामी समय में भी बड़े रकबे में चना बोने के लिए किसानों ने अभी से प्लानिंग बना रखी है। इसके चलते आगामी वर्षों में खरीदी केंद्र बढ़ सकते हैं।

### रोज 10 लाख लीटर निस्तारी पानी का हो रहा है ट्रीटमेंट, खेतों को भी मिलेगी सिंचाई सुविधा

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से तालाबों को भरने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

करोड़ों रूपए की लागत से तैयार सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट ने काम करना शुरु कर दिया है। अभी मुजगहन में लगी ढेंस फसल को इसका सिंचाई पानी मिलने लगा है, लेकिन कुछ ही हफ्तों में प्लांट से शहर के तालाबों को भरने की प्रक्रिया शुरु हो जाएगी। इसके लिए प्लांट से रत्नाबांधा होते हुए हटकेशर के रास्ते राइजिंग पाइप बिछाने का काम शुरु हो गया है।

उल्लेखनीय है कि पूरे शहर में उपयोग के बाद निकलने वाला रोजाना लाखों लीटर निस्तारी पानी पीडी नाला, बाकरा नाला, सोरिद नाला होते हुए मुजगहन पुल से खारून नदी की ओर जाता है। सन 2021 में शासन ने मुजगहन में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 30.31 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी। करीब 4 साल बाद अक्टूबर 2024 में प्लांट तैयार हो गया। प्लांट के आपरेटर दुष्यंत ध्रुव ने बताया कि अभी प्लांट को रायपुर की ओम प्रोजेक्ट कंपनी ठेके पर चला रहा है। अक्टूबर माह से सीवरेज प्लांट में वाटर फिल्टर करने का काम शुरु हो गया है। जनवरी माह से अब तक 64 एमएलडी/मिलियन लीटर डेली सीवरेज पानी को फिल्टर कर लिया है। जिससे मुजगहन के ढेंस खेतों को सिंचाई पानी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्लांट में रोजाना 19.6 एमएलडी पानी ट्रीटमेंट करने की क्षमता है। गर्मी के दिनों में निस्तारी पानी की आवक नहीं के बराबर हो रही थी। वर्तमान में 1 एमएलडी पानी का फिल्टर हो रहा है। बारिश में प्लांट में पानी की सही आवक का पता चलेगा।



### तालाबों को भरने बिछ रही है पाइपलाइन

नगर निगम के इंजीनियर महेंद्र जगत ने बताया कि सीवरेट ट्रीटमेंट प्लांट से 5.5 किमी की पाइपलाइन बिछाई जा रही है जिसकी लागत करीब 5.50 करोड़ रूपए है। राईजिंग पाइपलाइन के माध्यम से रत्नाबांधा तालाब, कांटातालाब, नागसागर तालाब तथा मुक्तिधाम हटकेशर स्थित डबरी को भरा जाएगा। श्री जगत ने बताया कि अगर पाइप बच जाता है तो उसे मकई तालाब को भरने के लिए बिछाया जा सकता है। इसके अलावा हटकेशर, शीतलापारा स्थित ढेंस खेतों को सिंचाई के लिए पानी दिया जा सकता है। निगम के वाहनों को धोने के लिए भी इसका उपयोग किया जाएगा। अगर कोई फैक्ट्री, राइस मिल इस पानी का डिमांड करती है तो पानी की उपलब्धता अनुसार अनुबंध किया जाएगा।

### अच्छी खासी सड़कें खराब, वार्डवासियों में रोष



हटकेशर के मुख्य मार्ग में राईजिंग पाइप बिछाने बुलडोजर से सड़क की खुदाई हो रही है। वार्डवासी संतोष सेन, जगतराम साहू, प्रशांत मीनपाल आदि का कहना है कि निगम का काम अदूरदर्शिता पूर्ण रहता है। कुछ साल पहले लाखों रूपए की लागत से सीसी रोड बनाया गया है। रोड बनाने के तुरंत बाद पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए पूरे रोड की बीचोबीच खुदाई की गई। महीनों बाद खोदे गए रोड का कांक्रीटीकरण हो पाया, अब फिर से पाइपलाइन बिछाने मुख्य मार्ग को फिर से खोदा जा रहा है। इससे सीसी रोड बुरी तरह से खराब हो जाएगा। फिलहाल लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**

## जुआरियों को पुलिस का डर नहीं, क्षेत्र में अब भी फल फूल रहा ताश जुआ



**कुरुद।** समय-समय पर पुलिस कार्रवाई किए जाने के बाद जुआरियों में पुलिस का डर नहीं है। कुरूद सहित मगरलोड थाना क्षेत्र इन दिनों जुआरियों का अड्डा बनकर रह गया है जिसमें ग्राम सिवनीकला का रहने वाला एक सटोरिया अब मगरलोड थाना के मोहंदी से लेकर बोरसी के जंगलों में घूम-घूमकर जुए का गोरखधंधा चला रहा है। गौरतलब है कि एक तरफ एसपी के निर्देश पर पुलिस लगातार सटोरियों और जुआरियों पर कार्रवाई कर रही है। वहीं दूसरी तरफ जुआरियों का एक सरगना ग्राम सिवनीकला, सिर्री, चिंवरी से लेकर कुरूद नगर मुख्यालय तक दर्जनों गांवों में 52 परियों की महफ़लि जमाने से बाज नहीं आ रहा हैं। सूत्रों की माने तो यह सरगना अब मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम मोहंदी से लेकर बोरसी, बोथा, पहंदा, साल्हेभाट आदि के जंगलों को जुए का अड्डा बनाकर अपने पुराने रंगबाजों को साथी बनाकर रोजाना जुए की फड़ सजा रहा है। यहां मगरलोड, कुरूद, धमतरी, अर्जुन्दा, बालोद, कांकेर, चारामा से राजनांदगांव जिले तक से बावनपरियों के दीवाने ताशपत्ती जुआ खेलने पहुंचकर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं और लाखों के जुए खिलाकर क्षेत्र के युवाओं, किसानों को लूट रहे हैं।

## बेलर में लगी संकल्प से सिद्धि चौपाल

**नगरी।** संकल्प से सिद्धि के तहत ग्राम बेलरगांव के दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में चौपाल कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती गरिमा नेताम सदस्य जिपं धमतरी, सह प्रभारी भुवन दास, मंडल अध्यक्ष मनोहर मानिकपुरी, अमरसिंह पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष कार्यकाल को स्वर्णिम काल, उभरता विश्वगुरु भारत का काल बताते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता जनार्दन तक पहुंचाया। मौके पर लीलाम्बर साहू, वेद गंजीर, जनपद सदस्य मौसमी मंडावी, विमल मंडावी, टेकराम पटेल, दुलेश्वरी लावत्रे, ललिता नेताम, करण यादव समेत भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### भीतररास सिहावा में संकल्प से सिद्धि जनचौपाल कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

# भाजपाइयों ने गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

- मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल ने देश को दी नई दिशा : प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी







प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे संकल्प से सिद्धि जनचौपाल अभियान के तहत 18 अप्रैल को भीतररास ग्राम के शीतला मंदिर प्रांगण में शक्ति केंद्र छिपलीपारा द्वारा जनचौपाल का आयोजन किया गया।

जनचौपाल को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास की जिस गति को प्राप्त किया है, वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं को केंद्र में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन किया है। उज्ज्वला योजना से जहां माताओं और बहनों को धुएं से मुक्ति मिली, वहीं आयुष्मान योजना ने गरीबों को निःशुल्क इलाज की सुविधा दी है।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि मोदी सरकार ने विश्वास और ईमानदारी की राजनीति को पुनः स्थापित किया है। सरकार की नीतियों और नीयत दोनों में पारदर्शिता है, जिसका परिणाम है कि आज भारत आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ रहा है। पूर्व नपं अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला ने कहा कि इस सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही है कि योजनाएं कागज़ों में नहीं, बल्कि धरातल पर लोगों को लाभ दे रही हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता कमल डागा ने कहा कि मोदी सरकार ने केवल योजनाएं ही नहीं दीं, बल्कि देश की सोच को भी बदला है। आज का युवा स्वरोजगार की ओर अग्रसर है। मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू, भाजपा अजजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेंद्र नेताम सहित अन्य वक्ताओं ने भी केंद्र सरकार के 11 वर्षों की विस्तार से उपलब्धियां गिनाईं और मोदी सरकार को गरीबों, किसानों और महिलाओं की सच्ची हितैषी बताया। कार्यक्रम में भीतररास और छिपलीपारा शक्ति केंद्रों के कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में वर्ष 2047 में विकसित भारत बनाने में अपना योगदान देने के लिए लोगों ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में संकल्प लिया।

### ग्रामीणों को दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



**नगरी।** संकल्प से सिद्धि के तहत ग्राम कसपुर में संकल्प से सिद्धि चौपाल कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती मौसमी विमल मंडावी जनपद सदस्य नगरी, मनोहर मानिकपुरी मंडल अध्यक्ष बेलर, गरिमा नेताम जिला पंचायत सदस्य धमतरी, सहप्रभारी जयचंद मस्ताना की उपस्थिति में यह कार्यक्रम बूढ़ादेव मंदिर में हुआ। कार्यक्रम में मौसमी मंडावी, गरिमा नेताम, मनोहर मानिकपुरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष कार्यकाल को स्वर्णिम काल, उभरता विश्वगुरु भारत का काल बताते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता जनार्दन तक पहुंचाया। कार्यक्रम में कमितला बाई, गीता नेताम, सुषमा नेताम, रूपौतिन टैगोर, साहबती मरकाम, सुकारो नेताम, शैलेन्द्री मरकाम, कलाबाई, धरनीबाई पंच, मदन नेताम, राजाराम, बुद्धूराम, महारु वट्टी, मिथिलेश, जितेन्द्र मरकाम, माधवसिंह नेताम, सुरेंद्र नेताम, हेमलाल नेताम सहित भाजपा कार्यकता व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सेमरा में लगी विकसित भारत संकल्प चौपाल

### भाजपाइयों ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

केंद्र में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा विकसित भारत संकल्प चौपाल का आयोजन ग्राम सेमरा (सी) में किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा हुई। भाजपाइयों ने सरकार के हर एक कार्य को लोगों के समक्ष गिनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय और श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कुरुद गीतेश्वरी साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष के दौरान सशक्त भारत सुरक्षित भारत का सपना साकार हुआ है। जहां आतंकवादियों के खिलाफ कठोर और निर्णायक कार्रवाई हो रही, वहीं रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सामाजिक शक्ति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाकर भारत ने अपनी सुरक्षा को अटूट बनाया है।

इस अवसर पर सरपंच छबिलेश सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य यशवंत शुक्ला, सेवकराम सिन्हा, उमेश देवांगन, भाव सिंह, नेमीचंद सिन्हा, हिरदे चक्रधारी, त्रिकेश निषाद, उमेंद चक्रधारी, हुलेश यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

## जीजामगांव में ग्रीन आर्मी महिलाओं का किया सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम पंचायत जीजामगांव में ग्रीन आर्मी महिलाओं का सम्मान कर आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। गांव की स्वच्छता में अहम भूमिका निभाने वाली ग्रीन आर्मी की महिलाओं को सरपंच देवचरण चंद्राकर ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सरपंच श्री चंद्राकर ने कहा कि ग्रीन आर्मी की महिलाएं सभी घरों से गीला एवं सूखा कचरा प्रतिदिन इकट्ठा कर गांव की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दे रही हैं। उनकी सुरक्षा के लिए साड़ी, मास्क, दस्ताना, टोपी, सीटी, रापा, धमेला दिया गया।

मौके पर कुणाल देवांगन सचिव, होरीलाल महिलांगे उपसरपंच, जागेश्वर साहू रोजगार सहायक, पंचगण रमाबाई, कृष्णकुमार साखरे, गिरवर पटेल, सीमा पटेल, धनेश्वरी ध्रुव, संतोषी ढीमर, सुमंत मारकण्डे, जनकबाई कुर्रे, केकती रात्रे, दुर्गेश साहू, खिलावन पटेल, टकेश्वर साहू, सुशीला साहू, रेखा साहू, त्रिवेणी पटेल, संतराम साहू, मोतिम पटेल, ढालसिंग ध्रुव, होरीलाल साहू समेत ग्रीन आर्मी की सदस्य उत्तरा साहू, सुमन साहू, संतोषी पटेल, निर्मला साहू, दूजबाई साहू, चंपा मार्कण्डेय, हेमिन साहू, बिरजा साहू, रीना पटेल, झामिन ध्रुव उपस्थित थी।

**अंचल की खबरें**

### आनंद वाहिनी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने सनातन धर्म पर की चर्चा



**धमतरी।** राधाकृष्ण भवन में शंकराचार्य की शिष्या, आनन्द वाहिनी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा तिवारी की उपस्थिति में पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी एवं आनंद वाहिनी की बैठक सनातन धर्म के संबंध में रखी गई। बैठक में जानकीप्रसाद शर्मा, राजेन्द्र श्रोती, भूपेंद्र मिश्रा, अशोक शास्त्री, महेश शास्त्री, नरेश चन्द्र श्रोती, मुकेश शर्मा, हरिशंकर दीवान, धर्मेन्द्र शर्मा, विक्रांत शर्मा उपस्थित थे।

### विश्व में भारत को एक पहचान मिली है : डॉ. दुलारू



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत गणेशपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से सिद्धि तक 11 साल बेमिसाल, सेवा सुशासन, गरीब कल्याण कार्यक्रम प्रभारी डॉ दुलारूराम साहू के मार्गदर्शन में हुआ। श्री साहू ने कहा कि विश्व में भारत देश को एक पहचान मिली है। मौके पर सरपंच गंगाप्रसाद मिश्रा, नन्दकुमार निषाद पूर्व सरपंच, कल्याण यादव बूथ अध्यक्ष, श्रीमती रेखा निषाद उपरपंच, सालिकराम ध्रुव, तुलसीराम बघेल, नरोत्तम विश्वकर्मा, मिथलेश पुरी, कामता साहू, जगदीश साहू, गैंदुराम नागरची, श्री देवानंद, बैशाखू, कुशल, श्रीमती लक्ष्मी नेताम, श्रीमती कविता साहू, श्रीमती सेवती, श्रीमती गीता, टामन साहू, बृजेश, कमलेश साहू मौजूद थे।

### प्रवेश उत्सव पर खिले बच्चों के चेहरे



**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भेंडरा के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें नवप्रवेशी बच्चों को किताब व शाला गणवेश प्रदान किया गया। माध्यमिक शाला भेंडरा में कक्षा 6वीं के नवप्रवेशी बच्चों को माध्यमिक शाला के शिक्षकों के सहयोग से जूता मोजा वितरित किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती ज्योति मंडावी सरपंच भेंडरा, संस्था प्रमुख टीआर साहू, यमाकांत साहू उपसरपंच, श्रीमती कृष्णा साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति माध्यमिक शाला भेंडरा, सोनसाय साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला भेंडरा, सेवानिवृत शिक्षक उत्तम बनपेला, लोकेश सेन विधायक प्रतिनिधि भेंडरा समेत शिक्षक-शिकिक्षाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### भालुझूलन स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला भालुझूलन में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शाला विकास समिति के सदस्यों और पालकगणों ने नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कन्हारपुरी के उपसरपंच चेतन पटेल ने अपने उद्बोधन में बच्चों को सतत मेहनत से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## रामचरित मानस मानवीय मूल्यों को जानने का मार्ग : गौकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

- चारभाठा में हुआ रामायण का आयोजन





ग्राम पंचायत चारभाठा में 14 और 15 जून को रामायण का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्र की ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने रामचरित मानस का व्याख्यान किया। संगीत के माध्यम से श्रोतागणों तक रामचरितमानस के संदेश को पहुंचाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन को सफल बनाने के लिए रामचरितमानस के प्रसंगों को आत्मसात करें। मानवीय मूल्यों को जानने का रास्ता रामचरितमानस से मिलता है। इस दौरान विभिन्न मंडलियों ने व्याख्या एवं संगीत के माध्यम से अनेक संदेश दिए।

मौके पर सभापति जनपद पंचायत प्रतिनिधि रूपचंद देवांगन, सरपंच चंद्रकला मेमचंद देवांगन, उपसरपंच निरंजन साहू, उदय चतुर्वेदी ग्रामीण अध्यक्ष, पंचगण टीकम साहू, सावित्री निषाद, जागृति निषाद, रीना चतुर्वेदी, मेमचंद देवांगन सरपंच प्रतिनिधि, भोज सोनकर, प्रफुल्ल, गोवर्धन देवांगन, रमेश साहू, कमलेश सोनकर एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## विज्ञान शिक्षक की वापसी की मांग



- शाला समिति के सदस्यों पालकों ने विकासखंड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय माध्यमिक शाला दुर्गा चौक नगरी (सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम) में 8 वर्ष पूर्व संलग्नीकरण के तहत नीतू गुप्ता सामाजिक विज्ञान एवं यतींद्र गौर विषय विज्ञान को अध्यापन कार्य हेतु संलग्न किया गया है। दोनों शिक्षक विगत 8 वर्ष से विद्यालय में संलग्र हैं। दोनों शिक्षक अंग्रेजी माध्यम में अध्यापन का अच्छा अनुभव भी रखते हैं। अंग्रेजी माध्यम में शिक्षण के लिए दुर्ग में आयोजित प्रशिक्षण में शामिल भी रहे हैं। वर्तमान में युक्तियुक्तकरण के तहत उपरोक्त शिक्षकों के स्थान पर अन्य शिक्षकों की नियुक्ति माध्यमिक शाला दुर्गा चौक नगरी में की गई है। युक्तियुक्तकरण से पदस्थ शिक्षक हिंदी माध्यम से हैं और विद्यालय अंग्रेजी माध्यम का है। इससे शिक्षण प्रक्रिया बाधित होगी।

शाला प्रबंधन विकास समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं पालकों ने उन शिक्षकों की स्थायी पद स्थापना की मांग को लेकर विकासखंड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

## ग्रामीणों को बताई मोदी सरकार की उपलब्धियां

**मगरलोड।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिये देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में भाजपा मंडल मगरलोड द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की गई। मुख्य वक्ता कमलेश ठोकने भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, विरेंद्र साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष मगरलोड थे। अतिथियों ने ग्रामीणों को मोदी सरकार की उपलब्धियां बताई। कार्यक्रम के समापन में अमर बाई साहू (करेली छोटी) एवं अहमदाबाद प्लेन दुर्घटना में मृत गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपानी सहित सभी मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित साहू, जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य टीआर कंवर, पिछड़ा वर्ग प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शत्रुघ्न साहू, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यदु, मंडल महामंत्री नंदनी सिन्हा कार्यकर्ता मौजूद थे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

### समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीण

# मुरा में लो वोल्टेज से नल जल योजना प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



लो वोल्टेज के कारण मुरा के ग्रामीण नल जल सहित गर्मी तथा मच्छर से परेशान है। ग्राम मुरा में लो वोल्टेज और ट्रांसफॉर्मर खराब होने के कारण नल जल योजना प्रभावित हो रही है। घरों का वोल्टेज लो होने के कारण न कूलर, पंखा ठीक से चल रहा है और न अन्य उपकरण जबकि इसकी सूचना संबंधित लाइनमेन और बिजली विभाग को भी दी जा चुकी है। सुशासन तिहार में भी ग्रामीणों ने इस सम्बन्ध में आवेदन दिया था। ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग को कई बार सूचित करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। स्थानीय प्रशासन से इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने और ट्रांसफॉर्मर को बदलने की मांग की। ताकि ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात मिल सके। लो वोल्टेज की शिकायत राकेश साहू सरपंच ने कई बार बिजली विभाग से की लेकिन अभी तक सुधार नहीं हुआ। सरपंच ने बताया कि अगर एक हफ्ते के भीतर सुधार नहीं हुआ तो मुरा के ग्रामीणों द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा। बिजली ऑफिस का घेराव करने की भी चेतावनी दी।

Pride of Dhamtari
॥ श्री शिवाय नमस्तुभ्यं ॥
नींव से निर्माण तक...
वास्तु एवं संरचना एसोसिएट्स
जय माँ चंडी कंसल्टेंसी एवं कंस्ट्रक्शन
Pro.- Er. Anurag Sahu (सिविल इंजीनियर एवं आर्किटेक) नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र रजि.
8839477281 9000051163
बिल्डिंग डिजायनर, इंडस्ट्रियल एंड फाइनेंस हब, प्लानर, सर्वेयर (टोटल स्टेशन एवं डम्पी लेवल) फैक्ट्री एवं गोदाम के नक्शे
सुविधाएं - भवन के नक्शे, स्टीमेट एवं बिल (लोन), साईड सर्वेक्षण, डायवर्सन के नक्शे, साईड सुपर विजन, टाऊन एवं प्लाटिंग के नक्शे, फैक्ट्री एवं गोदाम के नक्शे, सिविल संबंधित सम्पूर्ण कार्य
False Celling & Wallpaper, Tiles & Putty Painting Sanitary, Flushed Door, Electric Fitting Plumbing, Modular Kitchen & Fabrication (Steel, Aluminium)
कार्यालय - पुराना बस स्टैंड, अनुराधा स्वीट्स के पास वार्ड क्र.10 कुरूद
नोट:- वास्तुनुसार भवन/ प्लाट आदि के नक्शे नगर पालिका/ नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र से नक्शा पास, 3D एलिवेशन, विथ मैटीरियल भवन निर्माण

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### रूद्री स्कूल प्रांगण में रोपे गए 15 छायादार पौधे



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्री के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रुद्री द्वारा एक पेड़ मां के नाम की थीम पर सरपंच श्रीमती लक्ष्मी बया, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मुकेश यादव, सांसद प्रतिनिधि नरेश साहू, प्राचार्य श्रीमती दीप्ति ध्रुव एवं शिक्षकगणों की उपस्थिति में 15 छायादार पौधे रोपे गए।

### सोनझरी में शिक्षकों की कमी



**धमतरी।** युक्तियुक्तकरण के बाद भी स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर नहीं हो पा रही है। मंगलवार को ग्राम सोनझरी के ग्रामीणों ने उच्चतर माध्यमिक शाला में विषयवार शिक्षकों की मांग कलेक्टर से की है। मगरलोड ब्लाक के ग्राम पंचायत सोनझरी के सरपंच श्री यादव सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि ग्राम सोनझरी आदिवासी वनांचल गांव है। इस गांव में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित है। स्कूल में विषयवार शिक्षक नहीं होने के कारण पढ़ाई का स्तर निम्न होते जा रहा है। शिक्षा का स्तर गिरने तथा शिक्षकों की कमी के चलते पालकगण अपने बच्चों को अन्य स्कूल में पढ़ाने को मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से हिन्दी, भूगोल, राजनीति, अर्थशास्त्र, वाणिज्य विषय के शिक्षक की मांग की है।

- ग्रामीणों ने कलेक्टर से विषयवार शिक्षक पदस्थ करने की मांग की

### बिटिया सम्मान समिति ने मनाया पितृ दिवस



**धमतरी।** सामुदायिक भवन में ब्राम्हण समाज जिला धमतरी की महिला शाखा की बिटिया सम्मान समिति द्वारा पितृ दिवस कार्यक्रम उत्साह से मनाया गया। बेटियों ने पितृ शक्तियों का सम्मान किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम का अयोजन किया। गौरतलब है कि यह कार्यक्रम ब्राम्हण समाज धमतरी द्वारा पहली बार आयोजित किया गया। कार्यक्रम को राधेश्याम मिश्रा, अनन्त दीक्षित, भूपेंद्र मिश्रा और जिला अध्यक्ष राकेश दीवान ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर नलिनी मिश्रा, सरिता दीवान, पूजा मिश्रा, सरिता शर्मा, ममता मिश्रा, मीनाक्षी मिश्रा, रामप्यारी मिश्रा, सरिता पांडे, सुभाषणी शर्मा, साक्षी शर्मा, गार्गी शर्मा, गौरी शर्मा, नन्दनी तिवारी, रूपा झा, स्वाति पांडे, अर्चना पांडे, संजू मिश्रा, अनीता पांडे, मीनाक्षी शर्मा, वर्षा चतुर्वेदी, रानी पांडे, मुक्ता भावलकर, पूनम पांडे, शताक्षी दीवान, अर्पणा शर्मा, प्रार्थना पांडे, शिखा मिश्रा, स्नेहा मिश्रा, अरुधंति मिश्रा, आरणा शर्मा, संस्कृति पांडे, सानिध्य पांडे उपस्थित थी।

### भोयना हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करने की मांग



**धमतरी।** छात्रों ने भोयना हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करने के लिए विधायक ओंकार साहू को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रों ने विधायक को बताया कि 10वीं के बाद आगे की पढ़ाई के लिए उन्हें 8 किलोमीटर दूर धमतरी शहर जाना पड़ता है। स्कूल जाने के दौरान उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बारिश में भीगना, सड़क के गड्ढों में गिरना और कपड़े खराब होना आम बात है। भारी वाहनों की आवाजाही के कारण दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। इस समस्या से आसपास के 5-6 गांवों के विद्यार्थी प्रभावित हैं। विद्यार्थियों ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से वे हायर सेकेंडरी स्कूल की मांग कर रहे हैं। हर साल कलेक्ट्रेट में ज्ञापन दिया जाता है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय स्तर पर हायर सेकेंडरी स्कूल न होने से छात्रों की शिक्षा प्रभावित हो रही है और उनकी सुरक्षा भी जोखिम में है। विधायक ओंकार साहू ने छात्रों की मांग पर ध्यान देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। आगे कहा कि वे इस मुद्दे को सरकार के समक्ष उठाएंगे।

- छात्रों ने विधायक ओंकार को सौंपा ज्ञापन




## खुर्रा जुताई से जमीन की उर्वरता शक्ति बढ़ती है : कृषि वैज्ञानिक

# खरीफ फसल की तैयारी में जुटे किसान इधर सोसाइटियों में खाद की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



आषाढ़ माह लगते ही अंचल के किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं। मानसून के आगमन और प्री मानसून की बारिश के चलते कृषकों ने खुर्रा (सूखा) जुताई शुरू कर दी है जो प्रायः पूरी हो गई है। कुछ जगहों पर धान की नर्सरी तैयार है। अच्छी बारिश होने पर खेतों में पानी भरेगा फिर रोपाई का काम शुरू हो जाएगा। खुर्रा जुताई के बाद कृषकों को बारिश का इंतजार है। बारिश होते ही धान बीज का छिड़काव कर बोनी पूरी करेंगे।

कृषकों ने बताया कि इस वर्ष भी सोसाइटियों में खाद के लिए मारामारी है। कृषकों को डीएपी यूरिया, पोटाश, एनपीके, ग्रोमोर आदि नहीं मिल पा रहा है। खाद की कमी से जूझ रहे किसान अब लोकल मार्केट से अधिक दाम पर खाद खरीदेंगे। कुछ निजी दुकानदार भी खाद के लिए कृषकों को चक्कर लगवा रहे हैं ताकि खाद का रेट बढ़ाया जा सके। कृषकों ने बताया कि खरीफ फसल की तैयारी के समय खाद की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। सोसाइटियों में किल्लत के बाद किसान निजी दुकानों से महंगे दाम पर खाद खरीदने मजबूर हैं।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. शक्ति वर्मा का कहना है कि पहली बारिश होते ही सभी कृषकों को खुर्रा जुताई करनी चाहिए। इससे मिट्टी भूरभूरा होकर उपजाऊ बनती है। जमीन के अंदर उगे खरपतवार, बैड बैक्टीरिया, कीड़े मकोड़े नष्ट हो जाते हैं। खुर्रा जुताई के बाद सीधे फसल लेने से उत्पादन बढ़ जाता है। अंचल में सभी कृषक जुताई कर मानसूनी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

किसान आनंद साहू, गोकुल साहू, कृष्णा तिवारी, राकेश चक्रधारी, पवन पटेल, मन्नू पटेल ने बताया कि जेठ माह में पहली बारिश के बाद खुर्रा जुताई हो चुकी है। अमूमन जिले में सभी कृषक धान की फसल लगाते हैं इसलिए धान फसल के लिए सूखी जुताई अनिवार्य है।

#### विकल्प तलाशें

कृषि वैज्ञानिक का कहना है कि डीएपी की किल्लत पर यूरिया, सुपर फास्फेट पोटाश मिलाकर खेतों में छिड़काव करने से डीएपी की पूर्ति हो जाती है। जिले की 74 प्राथमिक सहकारी समितियों में कुछ में खाद की किल्लत है।

#### कम्पोस्ट खाद का उपयोग करें

खेतों में छिड़काव के लिए रासायनिक खाद के अलावा कम्पोस्ट खाद छिड़काव ज्यादा करें। कृषि वैज्ञानिक वर्मा का कहना है कि गोबर, पैरा, कुट्टी, कंडे की राख, सूखे पते, हरी घास के कचरे से निर्मित कम्पोस्ट खाद का उपयोग जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ा देता है। उत्पादन अधिक होता है। बीमारियां कम होती हैं।

## प्रदेश में अराजकता, जनहित के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे : बैज



- पीसीसी चीफ का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

धमतरी जिले की लीलर रेत खदान में हुई चाकूबाजी से घायल को देखने व घटना स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने कुरुद के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट की। जहां उनका ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात स्थानीय नीलम चंद्राकर के ट्रेक्टर शो रूम में कार्यकर्ताओं से चर्चा की। इस दौरान कांग्रेसियों ने पीसीसी चीफ बैज को कुरूद क्षेत्र में हो रहे अवैध रेत खनन, अवैध शराब बिक्री, सट्टा, लचर कानून व्यवस्था से हो रही घटनाओं, भारत माला व विशाखापत्तनम परियोजना में व्याप्त भ्रष्टाचार पर ध्यानाकर्षण करवाया। श्री बैज ने कहा कि जनता के हित के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे। सुशासन का दंभ भरने वाली भाजपा सरकार हर स्तर पर विफल है। हर वर्ग परेशान व शोषित हैं। विद्यालय बंद हो रहे हैं और मदिरालय में इजाफा हो रहा है। उनके साथ विधायक ओंकार साहू, जनक राम ध्रुव, लोकसभा प्रभारी सकलेन कामदार भी थे।

मौके पर पूर्व विधायक लेखराम साहू, प्रदेश कांग्रेस सचिव तारिणी चन्द्राकर, जिपं सदस्य व जिला कांग्रेस प्रवक्ता नीलम चन्द्राकर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, नपं नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी राजकुमारी दीवान, रवि शर्मा, रमेशर साहू, प्रमोद साहू, पार्षद मनीष साहू, तारेन्द्र साहू, उमाशंकर साहू, ब्लाक चन्द्रप्रकाश देवांगन, महिम शुक्ला, संतोष प्रजापति, तुलसीराम साहू, पंकज जोशी, उमेश कंडरा, पप्पू शर्मा उपस्थित थे।

## दुकानदारों को सड़क किनारे सामान न रखने की दी समझाइश



- नगर निगम और पुलिस विभाग की टीम ने देखी यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने नगर निगम और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को घड़ी चौक से सदर बाजार, विंध्यवासिनी मंदिर तक का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने मुख्य बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग और भीड़भाड़ की समस्याओं को गंभीरता से लिया।

निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को सड़क किनारे सामान न रखने, दुकान के बाहर व्यवस्थित तरीके से वाहन रखने, पार्किंग न करने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सख्त समझाइश दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि दुकानदारों द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया गया, तो भविष्य में कार्रवाई की जाएगी, जिसमें चालान और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शामिल हो सकती है। इस दौरान व्यापारियों का भी सहयोग मिला, जिन्होंने स्वयं से अपने सामानों को व्यवस्थित किया। आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि घड़ी चौक से सदर बाजार से विंध्यवासिनी मंदिर क्षेत्र में रोजाना भारी भीड़ होती है, जिससे न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह पहल शुरू की गई है। पुलिस विभाग ने भी कहा कि आने वाले दिनों में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। जनहित में की गई इस पहल का कई दुकानदारों ने स्वागत किया और सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान बालक चौक की दुकानों भी अवलोकन किया और दुकान मालिकों से संवाद किया।

## सेंट जेवियर्स स्कूल की थ्रो बाल टीम शिर्डी रवाना



- महाराष्ट्र में ओपन थ्रो बाल प्रतियोगिता 23 जून तक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेयरमैन डा.एफ. पिंटो एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डा. श्रीमती ग्रेस पिंटू के निर्देशन में स्कूल की बालक बालिकाओं की थ्रो बाल टीम शिर्डी के लिए रवाना हुई।

ज्ञात है कि टी.एफ.आई संस्था द्वारा शिर्डी महाराष्ट्र में ओपन थ्रो बाल प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 23 जून तक किया जा रहा है जिसमें सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की टीम भी शामिल होगी।

बालिका वर्ग में देविका खत्री, पुष्टि पोया, अदिति शांडिल्य, कनिषा सागर, प्राजंलि कटेन्द्र, हेमांशी नागवंशी, तुलसी देवांगन अनुश्री बोर्से जबकि बालक वर्ग में करण कश्यप, अमन साहू ,श्रीकांत भारद्वाज, लव नडार, आयुष पोया, दावेंद्र कुमार भुआर्य, पृथ्वी कुर्रे और वंश प्रजापति भाग ले रहे हैं। टीम पीटीआई सुश्री टिकेश्वरी चंद्राकर के संरक्षण में रवाना हुई। खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन और सफलता के लिए संस्था की प्राचार्या सुश्री तृप्ति रॉय एवं स्टॉफ ने शुभकामना दी है।

## लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने ओवरहेड टैंकों की सफाई शुरू



- महापौर, आयुक्त और जल विभाग अध्यक्ष के निर्देश पर वैज्ञानिक पद्धति से की जा रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर में लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से उपलब्ध होता रहे जिसके लिए महापौर, आयुक्त और जल विभाग अध्यक्ष समय-समय पर शहर के सभी विशाल ओवर हेड टैंकों और फिल्टर प्लांट की सफाई करवाते आ रहे हैं। खास बात यह कि इन दिनों में विशाल ओवर हेड टैंकों की सफाई के दौरान पेयजल बाधित नहीं हुआ, भले ही कम समय के लिए हो पेयजल शहरवासियों को मिलता रहा है। इसमें महापौर रामू रोहरा, आयुक्त प्रिया गोयल, जल विभाग अध्यक्ष अखिलेश सोनकर और जल विभाग की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इसी तारतम्य में से शहर की सभी विशाल ओवर हेड टैंकों की सफाई शुरू की गई है। पहले दिन इतवारी बाजार सेंचुरी गार्डन के जल घर के दोनों विशाल ओवर हेड टैंक की सफाई वैज्ञानिक पद्धति से की गई। इसके लिए अधिकारियों ने रूपरेखा बनाई थी। पहले दिन इतवारी बाजार जल घर के दोनों विशाल ओवर हेड टैंक की सफाई समय से पहले कर ली गई जिससे शाम को पेयजल बाधित नहीं हुआ। बुधवार की सुबह कांटातालाब के पास के ओवर हेड टैंक की सफाई हुई। आज गुरुवार को वाटर फिल्टर प्लांट के विशाल ओवर हेड टैंक की सफाई होगी।

## किसान केवल अन्नदाता नहीं राष्ट्र के निर्माता भी हैं : मोनिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम कसावाही में एकादशी के अवसर पर बीज बोनी तिहार धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन भी शामिल हुई। सरपंच सोमन राम मंडावी एवं किसानों ने धरती माता एवं भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर खेत में हल चलाकर जुताई एवं बीज बोनी कार्य का शुभारंभ किया।

श्रीमती देवांगन ने भगवान वरुण देव से अच्छी बारिश के साथ अच्छी फसल के लिए कामना की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लगातार किसानों की समृद्धि एवं उनकी आय को बढ़ाने विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। फसल बीमा योजना, समर्थन मूल्य में धान खरीदी, किसान सम्मान निधि एवं खाद में सब्सिडी प्रदान करके किसानों की आय को दोगुना की दिशा में काम कर रहे हैं।

मौके पर महापौर रामू रोहरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, जनपद सदस्य पार्वती साहू, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष नरेश यादव, उप सरपंच आत्माराम कोर्राम, बूथ अध्यक्ष रूपराम मंडावी, कचरुराम नेताम समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने घायल से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बीते सोमवार की रात्रि एसडीएम के नेतृत्व में खनिज विभाग की टीम द्वारा लीलर रेत खदान व भरारी में अवैध भण्डारण पर कार्रवाई की गई थी। लीलर रेत खदान से टीम के लौटने के बाद चाकूबाजी की घटना हुई थी जिसमें आपरेटर ललित ध्रुव ग्राम जंवरगांव निवासी घायल हो गया था। उसका उपचार मसीही अस्पताल में चल रहा है।

घटना के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बुधवार को मसीही अस्पताल जाकर चाकूबाजी के हमले में घायल ललित ध्रुव से मुलाकात कर उसके स्वास्थ्य एवं वस्तुस्थिति की जानकारी ली। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने लीलर रेत खदान का निरीक्षण कर कहा कि यहां हो रहे अवैध रेत उत्खनन को जल्द रोका जाए।

### निधन : रमशीला साहू



**धमतरी।** बिरेझर निवासी रमशीला साहू 70 वर्ष का गत दिनों निधन हो गया। वे भारतराम साहू की पत्नी व घनाराम साहू एवं घनश्याम साहू की माता थी। उनकी अंतिम यात्रा में सरपंच गुपेंद्र साहू, साहू समाज अध्यक्ष रामचंद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं स्वजन शामिल हुए।







## जहां विज्ञान संकाय नहीं वहां भौतिक के शिक्षक की नियुक्ति

- तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने शिक्षा अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने 2008 के सेटअप से छेड़छाड़ कर अपनी मर्जी चलाने वाले विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की। संघ के जिला अध्यक्ष चंदूलाल चंद्राकर ने बताया कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अत्यधिक त्रुटि की गई एवं नियमों की अनदेखी करते हुए जिले के चार विकासखंडों में अपने अपने हिसाब से नियम लागू किये गये। राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश से परे जाकर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों ने अपने मन मुताबिक शिक्षकों को अतिशेष बनाया जिसके कारण जिले के शिक्षकों को मजबूरन जिला से बाहर युक्तियुक्त करण में पदस्थापना लेनी पड़ी। जिले में शिक्षकों की कमी होते हुए भी शिक्षकों को अन्य जिला भेजा गया।

स्कूलों के रिक्त पद को छुपाया गया। गणित विषय के व्याख्याताओं का दूरस्थ जिले में युक्तियुक्तकरण किया गया जबकि जून 2025 में रिटायर्ड होने वाले व्याख्याता का नाम भी अतिशेष में शामिल कर उन्हें छाती में पदस्थापना दी गई। संगठन से सुझाव दिया कि इस सत्र में रिटायर हो रहे शिक्षकों को अतिशेष न माना जाये।

भौतिक के एक शिक्षक का युक्तियुक्तकरण ऐसे विद्यालय में किया जहां विज्ञान संकाय ही नहीं है। रातोंरात कुछ शिक्षकों का नाम अतिशेष सूची से हटाया जाना एवं कुछ शिक्षकों का नाम जोड़ा जाना बिना दावा आपत्ति की सूची को फाइनल कर काउंसिलिंग कराया जाना बहुत से संदेह को जन्म देता है।

संगठन ने आगे कहा कि इस संबंध में प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री भारत सरकार, राष्ट्रपति, राजयपाल एवं मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र लिखकर धमतरी जिले में शिक्षकों के साथ हुए अन्याय से अवगत कराया जायेगा। तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संगठन के जिला संरक्षक राजेंद्र चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, कमल सार्वा, तुलसी नेताम, चंदन सिंग तुरंग, अविनाश साहू, उत्तम लाल साहू, राजेश साहू, पवन बांसकर, मकसूदन पटेल, सुमन शर्मा, वर्षा अग्रवाल, प्रज्ञा तिवारी, कौसर जान, भावेश चन्द्रवंशी, मनीष साहू, पिम्मी दीवान, टीएस साहू, आरडी साहू, धर्मेंद्र साहू, एचएस नेताम, निशा पटेल ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।